CII

Confederation of Indian Industry

अनसुलझी समस्याएं ही शुरू करवाती हैं नया बिजनैस : प्रो. शोजी शिबा

समाज व बिजनैस में गहरा रिश्ता, 'मेक इन इंडिया' अभियान प्रशंसा की

चंडीगढ़, 23 जून (पराशर): विश्वविख्यात जपानी मैनेजमैंट गुरु प्रोफैसर शोजी शिबा ने कहा है कि भारत में बिजनैस तेजी से बढ़ रहा है और मोदी सरकार द्वारा आरंभ किए गए 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत भारतीय उत्पादक विश्वभर में अपना माल सप्लाई करने की तैयारी कर रहे हैं।

वीरवार को यहां सी.आई.आई. में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ से आए लगभग 150 उद्योगपतियों को संबोधित करने के पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि बिजनैस तथा समाज के बीच गहरा रिश्ता है। समाज की अनसुलझी समस्याएं ही नया बिजनैस शुरू करने का अवसर प्रदान करती है। प्रत्येक समाज में कई अनसुलझी समस्याएं होती हैं जिन्हें पहचान पाना भी आसान नहीं होता। जब बिजनैस मैन इन्हें हल करने का प्रयास करते हैं तो वह देश तथा समाज की तरक्की की नींव रखते हैं।

उनका मानना था कि भारत द्वारा जी.डी.पी. में मैन्यूफैक्चरिंग सैक्टर का 2025 तक योगदान 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने का लक्ष्य तभी प्राप्त हो सकेगा जब उत्पादन क्षमता बढ़ाई जाए, उत्पादन पर आने वाले खर्चे में कमी की जाए तथा लेबर को ट्रेंड करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। ऐसा करने से ही भारत, चीन, जर्मनी व जपान जैसे विश्व के शीर्ष मैन्यूफैक्चरिंग देशों में शामिल हो सकेगा।